रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-25012021-224693
**CG-DL-E-25012021-224693**

**असाधारण**
**EXTRAORDINARY**

**भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)**
**PART II—Section 3—Sub-section (i)**

**प्राधिकार से प्रकाशित**
**PUBLISHED BY AUTHORITY**

**सं. 36] नई दिल्ली, सोमवार, जनवरी 25, 2021/माघ 5, 1942**
**No. 36] NEW DELHI, MONDAY, JANUARY 25, 2021/MAGHA 5, 1942**

## वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

(उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 25 जनवरी, 2021

**सा.का.नि. 45(अ).—**जबकि, डिजाइन अधिनियम, 2000 (2000 का 16) की धारा 47 की उप-धारा (3) के अधीन यथापेक्षित डिजाइन नियम, 2001 को और संशोधित करने के लिए कतिपय नियमों अर्थात्, डिजाइन (संशोधन) नियम, 2019 के प्रारुप को, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-II, खण्ड 3, उप-खण्ड (i) में भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग) की अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 798(अ), तारीख 18 अक्टूबर, 2019 द्वारा प्रकाशित किया गया था; जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उक्त, अधिसूचना वाले राजपत्र की प्रतियाँ जनसाधारण को उपलब्ध कराए जाने की तारीख से तीस दिन की अवधि की समाप्ति से पूर्व आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किये गये थे;

और जबकि, उक्त राजपत्र की प्रतियाँ 19 अक्टूबर, 2019 को जनसाधारण को उपलब्ध करा दी गईं थीं;

और जबकि, उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में जनता से प्राप्त आपत्तियां और सुझावों पर केन्द्र सरकार द्वारा विचार कर लिया गया है;

अत: अब, केन्द्र सरकार, डिजाइन अधिनियम, 2000 की धारा 47 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, डिजाइन नियम, 2001 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, नामत: -

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :– (1) इन नियमों को डिजाइन (संशोधन) नियम, 2021 कहा जाएगा।

(2) ये शासकीय राजपत्र में उनके अंतिम प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. डिजाइन नियम, 2001 (जिसे इसमें इसके पश्चात मूल नियम कहा गया है) के नियम 2 में, खंड (ङक) के पश्चात, निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किया जाएगा, नामत: -

(ङख) "स्टार्टअप" से अभिप्रेत है-

(क) स्टार्ट-अप इंडिया पहल के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्टार्टअप के रूप में मान्यता प्राप्त भारत की एक इकाई; और

(ख) विदेशी इकाई के मामले में, स्टार्ट-अप इंडिया पहल के अनुसार व्यापारावर्त और अपने निगमन या पंजीकरण की अवधि संबंधी मानदंड पूरा करने और इस विषय में उद्घोषणा प्रस्तुत करने वाली एक इकाई।

**स्पष्टीकरण**: व्यापारावर्त की गणना करते समय भारतीय रिजर्व बैंक की विदेशी मुद्रा की संदर्भ दर लागू होंगी।"

3. मूल नियमों के नियम 4 में, परंतुक के स्थान पर निम्नलिखित परंतुक रखा जाएगा, नामत: -

"बशर्ते कि सेवा के लिए ऐसे पते में, एजेंट/आवेदक का ई-मेल पता और भारत में पंजीकृत मोबाइल नंबर शामिल होगा।"

4. मूल नियमों के, नियम 5 के उप-नियम (2) में,

i. खंड (ङ) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, नामत: -

"(ङ) ऐसे मामले में जहां किसी प्रकृत व्यक्ति और/या स्टार्टअप और/ या लघु इकाई द्वारा किए गए किसी आवेदन की कार्यवाही किसी प्रकृत व्यक्ति, स्टार्टअप या लघु इकाई से भिन्न किसी व्यक्ति को पूर्णतः या भागतः अंतरित की जाती है वहाँ उसी विषय में किसी प्रकृत व्यक्ति, स्टार्टअप या लघु इकाई से प्रभारित शुल्क और प्रकृत व्यक्ति, स्टार्टअप या लघु इकाई से भिन्न व्यक्ति से प्रभारित शुल्क के बीच शुल्कों के मापमान का अंतर, यदि कोई हो, नए आवेदक द्वारा अंतरण के अनुरोध के साथ भुगतान किया जाएगा।";

ii. खंड (च) का लोप किया जाएगा।

iii. उपनियम (ङ) के पश्चात, निम्नलिखित स्पष्टीकरण अंतःस्थापित किया जाएगा, नामत: -

"**स्पष्टीकरण**- जहां स्टार्टअप अथवा लघु इकाई ने किसी डिजाइन के लिए कोई आवेदन दायर किया है, वह अवधि जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त है, उस के बीत जाने के उपरांत या बाद में उसका व्यापारावर्त के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिसूचित वित्तीय सीमा पार कर लेने पर, शुल्क के मापमान में किसी अंतर का भुगतान नहीं करना होगा।"

5. मूल नियमों के नियम 10 में, उप-नियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम को रखा जाएगा, नामत: -

"डिजाइन के पंजीकरण और इन नियमों, के प्रयोजनों के लिए, वस्तुओं को विश्व बौद्धिक सम्पदा संगठन (वायपो) द्वारा प्रकाशित "औद्योगिक डिजाइन का अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण (इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन फॉर इंडस्ट्रियल डिजाइन) (लोकार्नो वर्गीकरण)" के वर्तमान संस्करण के अनुसार अनुच्छेदों को वर्गीकृत किया जाएगा।"

बशर्ते कि किसी डिजाइन का पंजीकरण अधिनियम के उपबंधों, विशेषकर धारा 2 (क) और 2 (घ) को पूरा किए जाने के अध्यधीन होगा।”

6. मूल नियमों में, **पहली अनुसूची** के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूची रखी जाएगी, नामत:-

**पहली अनुसूची**

(नियम 5 देखें)

शुल्क

| प्रविष्टि की सं. | निम्नलिखित पर संदेय | सुसंगत प्ररूप की सं. | शुल्क(रुपए में) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | प्रकृत व्यक्ति(यों) और/ या स्टार्टअप(प्स) और/ या लघु इकाई(यों) के लिए | अन्य, अकेले या प्रकृत व्यक्ति (यों) और/ या स्टार्टअप (प्स) और/ या लघु इकाई (यों) के साथ |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1 | धारा 5 और 44 के अधीन डिजाइन के पंजीकरण के लिए आवेदन पर | 1 | 1000 | 4000 |
| 2 | आवेदक या संयुक्त आवेदक के रूप में कार्यवाही करने के लिए धारा 8 (1) और (5) के अधीन दावा करने पर | 2 | 500 | 2000 |
| 3 | धारा 11(2) के अधीन प्रतिलिप्यधिकार के विस्तार के लिए आवेदन पर | 3 | 2000 | 8000 |
| 4 | धारा 12(2) के अधीन व्यपगत डिज़ाइन के प्रत्यावर्तन के लिए आवेदन पर | 4 | 1000 | 4000 |
| 5 | प्रत्यावर्तन के लिए अतिरिक्त शुल्क | - | 1000 | 4000 |
| 6 | धारा 17(1) के अधीन पंजीकृत डिजाइन का निरीक्षण | 5 | 500 | 2000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | जब धारा 18 के अधीन पंजीकरण सं. दी गई हो तो डिजाइन की सूचना के लिए अनुरोध पर | 6 | 500 | 2000 |
| 8 | जब पंजीकरण सं. न दी गई हो तो डिजाइन की सूचना के लिए अनुरोध पर | 7 | 1000 | 4000 |
| 9 | धारा 19 के अधीन डिजाइन को रद्द करने के लिए याचिका पर | 8 | 1500 | 6000 |
| 10 | धारा 21 के अधीन किसी अपंजीकृत डिजाइन के आशयित प्रदर्शन या प्रकाशन की सूचना | 9 | 500 | 2000 |
| 11 | धारा 30(3) के अधीन डिजाइन के रजिस्टर में किसी दस्तावेज के पंजीकरण के लिए आवेदन, | 10 | | |
| | एक डिजाइन की बाबत | | 500 | 2000 |
| | प्रत्येक अतिरिक्त डिजाइन के लिए | | 200 | 800 |
| 12 | धारा 30 के अधीन डिजाइन के रजिस्टर के स्वत्वधारी या आंशिक स्वत्वधारी के नाम की प्रविष्टि के लिए आवेदन पर,- | 11 | | |
| | एक डिजाइन की बाबत | | 500 | 2000 |
| | प्रत्येक अतिरिक्त डिजाइन के लिए | | 200 | 800 |
| 13 | बंधक या अनुज्ञप्ति की प्रविष्टि के लिए आवेदन पर,- | 12 | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | एक डिजाइन की बाबत | | 500 | 2000 |
| | प्रत्येक अतिरिक्त डिजाइन के लिए | | 200 | 800 |
| 14 | धारा 30 और नियम 37 के अधीन डिजाइन के रजिस्टर में दस्तावेज की अधिसूचना की प्रविष्टि के लिए आवेदन,- | 13 | | |
| | एक डिजाइन की बाबत | | 500 | 2000 |
| | प्रत्येक अतिरिक्त डिजाइन के लिए | | 200 | 800 |
| 15 | धारा 29 के अधीन लिपिकीय त्रुटि के सुधार के लिए अनुरोध पर | 14 | 500 | 2000. |
| 16 | धारा 26 और नियम 41 के अधीन प्रमाणन के लिए अनुरोध पर | 15 | 500 | 2000 |
| 17 | धारा 17 (2) के अधीन पंजीकृत डिजाइन की प्रमाणित प्रति के लिए आवेदन पर | 16 | 500 | 2000 |
| 18 | धारा 31 के अधीन डिजाइन रजिस्टर की परिशुद्धि के लिए आवेदन पर | 17 | 500 | 2000 |
| 19 | नियम 15 और नियम 18 के अधीन प्राथमिकता दस्तावेज फाइल करने हेतु समय बढ़ाने के लिए आवेदन पर | 18 | 200 (प्रति मास) | 800 (प्रति मास) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20 | नियम 40 के अधीन आपत्ति की सूचना पर | 19 | 100 | 400 |
| 21 | नियम 29 और 40 के अधीन सुनवाई में उपस्थित होने के आशय की सूचना | 20 | 500 | 2000 |
| 22 | अभिकर्ता या अन्य व्यक्ति के प्राधिकार के लिए प्ररूप | 21 | - | - |
| 23 | नियम 31 के अधीन डिजाइन के रजिस्टर में नाम या पता या सेवा पता में परिवर्तन करने के लिए अनुरोध पर | 22 | 200 | 800 |
| 24 | डिजाइन रजिस्टर में दो पते की प्रविष्टियों के लिए अनुरोध पर | 23 | 200 | 800 |
| 25 | किसी दस्तावेज के संशोधन के लिए नियम 46 के अधीन याचिका पर | - | 500 | 2000 |
| 26 | समय बढ़ाने के लिए नियम 29, 40, 47, के अधीन याचिका पर | - | 500 | 2000 |
| 27 | नियम 38 के अधीन डिजाइन रजिस्टर का निरीक्षण (प्रत्येक डिजाइन के बाबत) | - | 250 | 1000 |
| 28 | अन्यथा उपबंधित नहीं की गई याचिका पर | - | 1000 | 4000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 29 | किसी लघु इकाई की प्रस्थिति का दावा करने के लिए प्रस्तुत किया जाना | 24 | कोई शुल्क नहीं | कोई शुल्क नहीं |

7. मूल नियमों की, **दूसरी अनुसूची** में, i) प्ररूप सं. 1 के स्थान पर निम्नलिखित को रखा जाएगा, नामत::-

**"प्ररूप 1**

[डिजाइन अधिनियम, 2000]

डिजाइनों के पंजीकरण के लिए आवेदन

**(धारा 5 और 44 देखें)**

| | |
|---|---|
| (शुल्क के लिए पहली अनुसूची देखें) | आप से अनुरोध है कि संलग्नक को वर्ग सं.[क] ........................ में . |
| क. वर्ग की संख्या लिखिए<br>ख. पूरा पता व राष्ट्रीयता लिखिए<br><br>ख1 आवेदक की श्रेणी<br>[कृपया समुचित श्रेणी पर (✓) निशान लगाएं] | ……….......................के नाम से [ख]<br>जो स्वत्वधारी(यों) होने का दावा करता है (करते हैं) रजिस्टर करें।<br><br>प्रकृत व्यक्ति ( ) स्टार्ट-अप ( ) लघु इकाई ( )<br>अन्य ( )[ख1] |
| ग. बताएं कि रेखाचित्र, फोटोचित्र, अनुरेखण या नमूनों में से क्या दिया गया है। | इस अनुरोध के साथ डिजाइन के चार समान [ग].............. ............ लगे हैं। |
| घ. वस्तु या वस्तुओं के नाम जिन पर डिजाइन लागू किया जाना है या संवर्ग में अंतर्विष्ट प्रत्येक वस्तु का व्यापार विवरण बताएं। | डिजाइन [घ] ..........................................................................<br>……………………………………………………………………<br>…………………........................................... पर लागू किया जाना है। |
| ङ इन शब्दों को काट दें यदि पूर्व में पंजीकरण किया गया है। | डिजाइन [ङ] वर्ग (वर्गों) ............. में सं. के अधीन .....................<br>...............पूर्वतन पंजीकृत है।<br>अभिसमय देश या देशों के समूह या अंतरशासकीय संगठन में किए गए पहले आवेदन का ब्यौरा।<br>i. देश/ अंतरशासकीय संगठन का नाम ….<br>ii. फाइल करने की तारीख ………………………………………<br>iii. आवेदन संख्या ……………………………………………<br>iv. आवेदक का नाम ………………………………………… |

| | |
|---|---|
| च. जब तक भारत में सेवार्थ पता नहीं दिया जाता है, तब तक अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। | भारत में सेवार्थ पता च निम्नलिखित है .........<br>..........................................................................<br>..................................................<br>ईमेल आई डी<br>:..........................................................................<br>...................<br>मोबाइल नं: ................................................................... |
| छ. आवेदक या प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जाए। | घोषणा:<br>आवेदक डिजाइन के स्वत्वधारी होने का और उसके सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार डिजाइन नया या मूल होने का दावा करता है।<br>.......... आज तारीख ............. 20...<br>(हस्ताक्षरित)छ....................................................... |

सेवा में
डिजाइन नियंत्रक,
पेटेंट कार्यालय, ................

* यदि कोई पूर्व पंजीकरण या प्राथमिकता का दावा नहीं किया गया है तो शब्दों को काट दें।"

(ii) प्ररूप 24 के स्थान पर निम्नलिखित प्ररूप रखा जाएगा, नामत: -

**"प्ररूप-24**

**(डिजाइन अधिनियम, 2000)**

**(नियम 2 और 5 देखें)**

**लघु इकाई या स्टार्टअप की स्थिति का दावा करने के लिए प्रस्तुत किया जाना**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम, पता और राष्ट्रीयता प्रविष्ट करें।<br>कृपया समुचित श्रेणी परनिशान लगाएं | मैं/ हम .......................................................<br>डिजाइनआवेदन संख्या ..................... के संदर्भ में आवेदक एतदद्वारा यहघोषित करता हूँ/करते हैं कि मैं/हम लघु इकाई या स्टार्टअप हूँ/हैं और निम्नदस्तावेज़ साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत हैं: |
| 2 | पात्रता के साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़: | |
| i. | लघु इकाई होने का दावा करने के लिए: | |
| | क. भारतीय आवेदक के लिए: सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 (2006 का 27) के अधीन पंजीकरण का साक्ष्य।<br>ख. विदेशी इकाई के संदर्भ में: पात्रता के साक्ष्य के रूप में कोई दस्तावेज। | |
| ii. | स्टार्टअप होने का दावा करने के लिए: | |
| | क. भारतीय आवेदक के लिए : उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग से मान्यता प्रमाण पत्र।<br>ख. विदेशी इकाई के मामले में: सहायक दस्तावेज सहित पात्रता के साक्ष्य के रूप में कोई शपथपत्र। | |
| 3. | वचन बंध | यहाँ प्रदत्त सूचना मेरे/हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के आधार पर सत्य है।<br>आज.......... तारीख ............. 20... |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | आवेदक(कों) / पंजीकृत स्वत्वधारी (यों)/ प्राधिकृत पंजीकृत पेटेंट अभिकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जाए।<br>हस्ताक्षर करने वाले प्रकृत व्यक्ति का नाम। | हस्ताक्षर ........................ |

**टिप्पण**:

1. लघु इकाई अथवा स्टार्टअप के रूप में स्थिति की बाबत तथ्यों की गलत सूचना/ गलत व्याख्या के आधार पर शुल्क में कमी का फायदा लेने का यह अभिप्राय होगा किनियम 5(2)(ख) द्वारा यथा आदेशाधीन दस्तावेज़ के साथ संपूर्ण शुल्क नहीं है। ऐसे मामले में धारा 24(2) के अनुसार दस्तावेज का दायर किया जाना तब तक प्रभावी नहीं होगा जब तक शुल्क का पूर्णतया भुगतान नहीं कर दिया गया हो।
2. लघु इकाई अथवा स्टार्टअप के रूप में स्थिति के बारे में कोई मिथ्या सुझाव यामिथ्या प्रस्तुति करके डिजाइन रजिस्टर में प्रविष्ट पंजीकृत डिजाइन पर डिजाइन अधिनियम, 2000 की धारा 31 के उपबंध लागू हो सकेंगे।"

8. मूल नियमों में, **तीसरी अनुसूची** का लोप किया जाएगा।

9. मूल नियमों में, **चौथी अनुसूची** के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूची को रखा जाएगा, नामत::-

"**चौथी अनुसूची**

(नियम 43 देखें)

नियंत्रक के समक्ष कार्यवाहियों में अनुज्ञेय खर्चों का मापमान

| प्रविष्टि की सं. | वे विषय जिनकी बाबत खर्च अधिनिर्णीत किया जाएगा | राशि (रुपए में) | |
|---|---|---|---|
| | | प्रकृत व्यक्ति(यों) और/ या स्टार्टअप(प्स) और/ या लघु इकाई(यों) के लिए | अन्य, अकेले या प्रकृत व्यक्ति(यों) और/ अथवा स्टार्टअप(प्स) और/ या लघु इकाई(यों) के साथ |
| 1 | नियम 40 के अधीन आपत्ति की सूचना के लिए | 100 | 400 |
| 2 | धारा 19 के अधीन डिजाइन के पंजीकरण के रद्दकरण की याचिका के लिए | 1000 | 4000 |
| 3 | सुनवाई में उपस्थित होने की जानकारी की सूचना के लिए | 200 | 800 |
| 4 | मुख्तारनामा के लिए स्टांप, जहां वृत्तिक को नियुक्त किया गया है | वह रकम जो वास्तव में संदत्त की गयी है | वह रकम जो वास्तव में संदत्त की गयी है |
| 5 | सुसंगत शपथपत्र की बाबत स्टांप शुल्क | वह रकम जो वास्तव में संदत्त की गयी है | वह रकम जो वास्तव में संदत्त की गयी है |
| 6 | नियम 29 के उपनियम (1) और नियम 40 के उपनियम(2) के अधीन कथन और साक्ष्य के लिए | 200 | 800 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | नियम 29 के उपनियम (3) और नियम 40 के उपनियम(4) के अधीन प्रति कथन। | 200 | 800 |
| 8 | यदि सुसंगत हो, तो प्रत्येक शपथ पत्र के लिए | 100 | 400 |
| 9 | यदि सुसंगत हो, तो प्रत्येक उद्धरण के लिए | 100 | 400 |
| 10 | प्रत्येक अनावश्यक या असंगत शपथ पत्र या उद्धरण के लिए | 100 | 400 |
| 11 | नियंत्रक के समक्ष सुनवाई के प्रत्येक दिन या दिन के भाग के लिए। | 500 | 2000". |

[फा.सं. पी-24024/81/2019-आईपीआर-V]

रविन्द्र, संयुक्त सचिव

**नोट:** मूल नियम भारत के राजपत्र, असाधारण में अधिसूचना सा.का.आ. 414(अ), तारीख 11 मई, 2001 द्वारा प्रकाशित किए गए थे और अंतिम बार अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 925(अ) तारीख 30 दिसंबर, 2014 के द्वारा संशोधित किए गए थे।

## MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY

## (Department for Promotion of Industry and Internal Trade)

## NOTIFICATION

New Delhi, the 25th January, 2021

**G.S.R. 45(E).—**Whereas, the draft of certain rules, namely, the Designs (Amendment) Rules. 2019 further to amend the Design Rules, 2001 were published, as required under sub-section (3) of section 47 of the Designs Act, 2000 (16 of 2000), *vide* notification of the Government of India in the Ministry of Commerce and Industry (Department for Promotion of Industry and Internal Trade) number G.S.R. 798(E), dated 18th October, 2019, in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (i), inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby, before the expiry of a period of thirty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

And whereas, the copies of the said Gazette were made available to the public on the 19th day of October, 2019;

And whereas, the objections and the suggestions received from the public in respect of the said draft rules have been duly considered by the Central Government;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 47 of the Designs Act, 2000, the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Designs Rules, 2001, namely:-

1. **Short title and commencement**:- (1) These rules may be called the Designs (Amendment) Rules, 2021.

   (2) They shall come into force from date of their final publication in the Official Gazette.

2. In rule 2 of the Designs Rules 2001, (hereinafter referred to as the principal rules), after clause (ea), the following clause shall be inserted, namely:-

   '(eb) "startup" means-

   '(a) an entity in India recognised as a startup by the competent authority under Startup India initiative; and

   (b) in case of a foreign entity, an entity fulfilling the criteria for turnover and period of incorporation or registration as per Startup India Initiative and submitting declaration to that effect.

   ***Explanation***: In calculating the turnover, reference rates of foreign currency ofthe Reserve Bank of India shall prevail.'

3. In rule 4 of the principal rules, for the proviso, the following proviso shall be substituted, namely:-

"Provided that such address for service shall include e-mail address and mobile number registered in India, of the agent or applicant".

4. In rule 5 of the principal rules, in sub-rule (2),

(i) for the clause (e), the following clause shall be substituted, namely:-

"(e) In case an application processed by a natural person and/ or startup and/ or small entity is fully or partly transferred to a person other than a natural person, startup or small entity, the difference, if any, in the scale of fees between the fees charged from the natural person, startup or small entity and the fees chargeable from the person other than a natural person, startup or small entity in the same matter, shall be paid by the new applicant with the request for transfer.":

(ii) clause (f) shall be omitted.

(iii) after sub-rule (e), the following explanation shall be inserted namely:-

"*Explanation*--Where a startup or small entity, having filed an application for a design, ceases to be a startup or small entity due to the lapse of the period during which it is recognised by the competent authority, or its turnover subsequently crosses the financial threshold limit as notified by the competent authority, no such difference in the scale of fees shall be payable".

5. In rule 10 of the principal rules, for the sub-rule (1) the following sub-rule shall be substituted, namely:-

For the purposes of the registration of designs and of these rules, articles shall be classified as per current edition of "International Classification for Industrial Designs (Locarno Classification)" published by World Intellectual Property Organization (WIPO):"

Provided that registration of any design would be subject to the fulfillment of provisions of the Act specifically 2(a) and 2(d).

6. In the principal rules, for the FIRST SCHEDULE the following Schedule shall be substituted namely:-

"FIRST SCHEDULE"

(See Rule 5)

FEES

| Number of entry | On what payable | Number of the relevant Form | Fees (in Rupees) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | For natural person(s) and/ or Startup(s) and/or Small entit(y)/(ies) and/or Small entit(y)/(ies) | Other(s), alone or with natural person(s) and/ or Startup(s) and/ or Small entit(y)/(ies) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1 | On application for registration of design under sections 5 and 44. | 1 | 1000 | 4000 |
| 2 | On claim under section 8 (1) and (5) to proceed as an applicant or joint applicant. | 2 | 500 | 2000 |
| | On application for extension of copyright under section 11(2). | | 2000 | 8000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | | 3 | | |
| 4 | On application for restoration of lapsed design under section 12(2). | 4 | 1000 | 4000 |
| 5 | Additional fee for restoration. | - | 1000 | 4000 |
| 6 | Inspection of registered design under section 17(1). | 5 | 500 | 2000 |
| 7 | On request for information of design when registration No. given under section 18. | 6 | 500 | 2000 |
| 8 | On request for information of design when registration No. not given. | 7 | 1000 | 4000 |
| 9 | On petition for cancellation of design under section 19. | 8 | 1500 | 6000 |
| 10 | Notice of intended exhibition or publication of an unregistered design under section 21. | 9 | 500 | 2000 |
| 11 | Application for registration of a document in Register of Design under section 30(3),- | 10 | | |
| | In respect of one design | | 500 | 2000 |
| | For each additional design | | 200 | 800 |
| 12 | On application for entry of name of proprietor or part proprietor in Register of Design under section 30,- | 11 | | |
| | In respect of one design | | 500 | 2000 |
| | For each additional design | | 200 | 800 |
| 13 | On application for entry of mortgage or license | 12 | | |
| | In respect of one design | | 500 | 2000 |
| | For each additional design | | 200 | 800 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14 | Application for entry of notification of a document in the Register of Design under section 30 and rule 37,- | 13 | | |
| | In respect of one design | | 500 | 2000 |
| | For each additional design | | 200 | 800 |
| 15 | On request for correction of clerical error under section 29. | 14 | 500 | 2000. |
| 16 | On request for certification under section 26 and rule 41. | 15 | 500 | 2000 |
| 17 | On application for certified copy of registered design under section 17(2). | 16 | 500 | 2000 |
| 18 | On application for rectification of Register of Design under section 31. | 17 | 500 | 2000 |
| 19 | On application for extension of time for filing priority document under rule 15 & rule 18. | 18 | 200 (per month) | 800 (per month) |
| 20 | On notice of opposition under rule 40. | 19 | 100 | 400 |
| 21 | Notice of intention to attend hearing under rule 29 and 40. | 20 | 500 | 2000 |
| 22 | Form for authorization of agent or other person. | 21 | - | - |
| 23 | On request to alter names or address or address for service in the Register of Design under rule 31. | 22 | 200 | 800 |
| 24 | On request for entries of two address in the Register of Design. | 23 | 200 | 800 |
| 25 | On petition under rule 46 for amendment of any document. | - | 500 | 2000 |
| 26 | On petition under rules 29, 40, 47 for enlargement of time. | - | 500 | 2000 |
| 27 | Inspection of Register of Design under rule 38 (in respect of each design). | - | 250 | 1000 |
| 28 | On petition not otherwise provided for | - | 1000 | 4000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 29 | To be submitted for claiming the status of a small entity | 24 | No fee | No fee” |

7. In principal rules, in the SECOND SCHEDULE- (i) for the Form No.1 the following Form shall be substituted namely:-

**“FORM 1**

[THE DESIGNS ACT, 2000]

APPLICATION FOR REGISTRATION OF DESIGNS **(See sections 5 and 44)**

| | |
|---|---|
| (For Fee see First Schedule) | |
| [A] Insert number of class<br>[B] Insert (in full) address and nationality<br><br>[B1] Category of applicant [Please tick (✓ ) for the appropriate category] | You are requested to register the accompanying in Class No. [A] ............................................................................................ in the name of [B]............................................................................................................……<br>……… who claim(s) to be the proprietor(s) thereof.<br><br>Natural Person ( ) Start-up ( ) Small Entity ( )<br>Others ( ) [B1] |
| [C] State whether drawings, photographs, tracings or specimens. | Four exactly similar [C] ...................................of the design accompany this request. |
| [D] Insert name of article or articles to which the design is to be applied or state trade description of each of the articles contained in the set | The design is to be applied to [D] ..................................................................<br>………………………………………………………………….................<br>....................................................................…………………………<br>…………………………………………………………………………… |

| | |
|---|---|
| [E] Strike out these words if previous registration has been effected. | [E] The design has been previously registered in class(es)…… under No……………………………………………………….<br>Details of first application in a convention country or group of countries or inter-governmental organisation.<br>i. Name of the country/inter-governmental organization….<br>ii. Date of filing………………………………<br>iii. Application number…………………………<br>iv. Name of the applicant ……………………………… |
| [F] Unless an address for service in India is given, the request may not be considered. | [F] Address for service in India is…………………….…………………………………………<br>………………………………………………………………..<br>Email ID:<br>Mobile No: |
| | Declaration:<br>The applicant claims to be the proprietor(s) of the design and that |

| | |
|---|---|
| G To be signed by the applicant or by authorized agent. | to the best of his knowledge and belief the design is new or original.<br>Dated this .................. Day of …………20…………….<br>(Signed)G ………………………………………….. |

TO THE CONTROLLER OF DESIGNS, THE PATENT OFFICE, …………….

* Strike out the words if no previous registration or priority claim has been effected".

(ii) for the Form 24 the following Form shall be substituted, namely:-

**"FORM-24**

**(THE DESIGNS ACT, 2000)**

**(See Rule 2 & 5)**

**TO BE SUBMITTED FOR CLAIMING THE STATUS OF A SMALL ENTITY OR STARTUP**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Insert name, address and nationality<br>Please tick the appropriate category | I/ We ……………………………………………….<br>applicant/ in respect of the design application no. ………………. hereby declare that<br>I/we am/are a small entity or a startup and submit the following document(s) as proof: |
| 2 | Documents to be submitted as evidence of eligibility: | |
| i. | For claiming the status of a small entity: | |
| | A. For an Indian applicant: Evidence of registration under the Micro, Small and Medium Enterprises Act,<br>2006 (27 of 2006).<br>B. In case of a foreign entity: Any document as evidence of eligibility | |
| ii. | For claiming the status of a startup: | |
| | A. For an Indian applicant: The certificate of recognition from Department for Promotion of Industrial Policy and Internal Trade<br>B. In case of a foreign entity: - Affidavit as evidence of eligibility along with supporting document. | |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | Undertaking | The information provided herein is correct to the best of my/ our knowledge and belief.<br>Dated this ………day of …………. 20... |
| 4. | To be signed by the applicant(s)/ registered proprietor(s)/ authorised registered patent agent. Name of the natural person who has signed. | Signature ……………………………………………………. |

**Note:**

1. Availing of benefit of reduction in fee on the basis of incorrect information/misrepresentation of facts with regard to status as a small entity or startup would mean that the entire fee did not accompany the document, as mandated by rule 5(2)(b). In such a case, in accordance with section 24(2), the filing of the document shall be of no effect unless the fee has been fully paid.
2. A registered design entered into the Register of designs by making any false suggestion or false representation as to the status as small entity or startup may attract the provisions of section 31 of the Designs Act, 2000"

8. In the principal rules, THIRD SCHEDULE shall be omitted.

9. In the principal rules, for the FOURTH SCHEDULE the following Schedule shall be substituted, namely:

"THE FOURTH SCHEDULE
(See rule 43)

Scale of costs allowable in proceedings before the Controller

| Number of Entry | Matter in respect of which cost is to be awarded | Amount (in rupees) | |
|---|---|---|---|
| | | For natural person(s) and/ or Startup(s) and/ or Small entit(y)/(ies) | Other, alone or with natural person (s) and/or Startup(s) and/ or Small entit(y)/(ies) |
| 1 | For notice of opposition under rule 40 | 100 | 400 |
| 2 | For petition for cancellation of the registration for design under section 19 | 1000 | 4000 |
| 3 | For notice of information to attend hearing | 200 | 800 |
| 4 | Stamps for power of attorney, where a professional has been appointed | The amount actually paid | The amount actually paid |
| 5 | Stamps fee in respect of relevant affidavit | The amount actually paid | The amount actually paid |
| 6 | For statement and evidence under sub-rule (1) of rule 29 and sub-rule (2) of rule 40 | 200 | 800 |
| 7 | Counter statement under sub- rule (3) of rule 29 and sub-rule 4 of rule 40. | 200 | 800 |
| 8 | For each affidavit, if relevant | 100 | 400 |
| 9 | For each citation, if relevant | 100 | 400 |
| 10 | For each unnecessary or irrelevant affidavit or citation | 100 | 400 |
| 11 | For every day or part of a day hearing before the Controller. | 500 | 2000" |

"

[F. No. P-24024/81/2019-IPR-V]

RAVINDER, Jt. Secy.

NOTE: The principal rules were published in the Gazette of India, Extraordinary, *vide* Notification No. S.O. 414(E), dated the 11th May, 2001 and last amended *vide* Notification No. G.S.R. 925(E) dated the 30th December, 2014.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.
SURENDER MAHADASAM
Digitally signed by SURENDER MAHADASAM
Date: 2021.01.25 22:35:44 +05'30'